Dainik Bhaskar
New Delhi, 8 January 2013

टॉप-50 में आना है लक्ष्य : जीव

नई दिल्ली | भारत के शीर्ष गोल्फरों में से एक जीव मिल्खा सिंह का लक्ष्य इस वर्ष मार्च तक दुनिया के टॉप-50 खिलाड़ियों में आना है ताकि मास्टर्स में खेल सकें। जीव साथ ही 2016 के रियो ओलिंपिक में देश के लिए खेलने का भी सपना देख रहे हैं। जीव ने यहां गुजरात कैंसविले चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट की घोषणा के अवसर पर कहा, 'मैं इस समय पूरी तरह फिट हूं और मैं चाहता हूं कि मार्च तक टॉप-50 खिलाड़ियों में पहुंच सकूं, ताकि फिर में मास्टर्स टूर्नामेंट में खेल सकूं। यदि मैं मार्च तक टॉप 50 में नहीं भी पहुंच पाता हूं तो भी मेरी कोशिश रहेगी कि मैं अपनी फिटनेस बेहतर रखूं। यदि मेरी फिटनेस साल भर अच्छी रहती है तो मुझे पूरा विश्वास है कि मैं शीर्ष 50 में पहुंच सकता हूं।'